# मुद्रा

---

## Exercise 10.1

**प्रश्न 1. एक किसान ने 2058 रुपये 25 पैसे के गेहूँ एवं 1154 रुपये 50 पैसे की मक्का बेची तो उसने कुल कितने रुपयों का अनाज बेचा?**

**हल:**

| | | रुपये | पैसे |
|---|---|---|---|
| | | ①① | |
| गेहूँ बेचे | = | 2058 | 25 |
| मक्का बेची | = | 1154 | 50 |
| कुल फसल बेची | = | 3212 | 75 |

अर्थात् किसान ने कुल 3212 रुपये 75 पैसे की फसल बेची। उत्तर

**प्रश्न 2. एक दुकानदार 8575 रुपये 75 पैसे लेकर शहर गया। इनमें से उसने 5052 रुपये 25 पैसे का कपड़ा एवं 2070 रुपये 25 पैसे का किराना की सामान खरीदा। बताओ, अब उसके पास कितनी राशि बची?**

**हल:**

| | | रुपये | पैसे |
|---|---|---|---|
| | | ① | ① |
| कपड़ा खरीदा | = | 5052 | 25 |
| किराना का सामान खरीदा | = | 2070 | 25 |
| कुल सामान खरीदा | = | 7122 | 50 |
| कुल पैसे थे | = | 8575 | 75 |
| सामान खरीदा | = | −7122 | 50 |
| शेष पैसे बचे | = | 1453 | 25 |

अर्थात् अब उसके पास 1453 रुपये 25 पैसे बचे उत्तर

**प्रश्न 3. हल कीजिए -**

(i) 525 रु. 25 पैसे × 13
(ii) 507 रु. 75 पैसे × 16
(iii) 899 रु. 50 पैसे × 17
(iv) 726 रु. 72 पैसे × 19

**हल:**

(i) 525 रु. 25 पैसे × 13

| रु. | पैसे |
|---|---|
| 525 | 25 |
| ① | ×13 |
| 1575 | ①75 |
| 525 | 25× |
| 6825 | 325 |
| + 3 | |
| 6828 | 25 |

325 पैसे = 3 रु. 25 पैसे

अर्थात् 6828 रुपये 25 पैसे **उत्तर**

(ii) 507 रु. 75 पैसे × 16

| रु. | पैसे |
|---|---|
| 507 | 75 |
| ① | ×16 |
| 3042 | 450 |
| 507 | 75× |
| 8112 | 1200 |
| + 12 | |
| 8124 | |

1200 पैसे = 12 रु.

अर्थात् 8124 रु. **उत्तर**

(iii) 899 रु. 50 पैसे × 17

| रु. | पैसे |
|---|---|
| 899 | 50 |
| ① | ×17 |
| 6293 | 350 |
| 899× | 50× |
| 15283 | 850 |
| + 8 | |
| 15291 | 50 |

850 पैसे = 8 रु. 50 पैसे

अर्थात् 15291 रुपये 50 पैसे **उत्तर**

(iv) 726 रु. 72 पैसे × 19

```
  रु.     पैसे
  726      72
          ×19
 ---------------
  6534    648
  726×    72×
 ---------------
 13794   1368     1368 पैसे = 13 रु. 68 पैसे
 +  13 ←
 ---------------
 13807     68 ←
```

अर्थात् 13807 रुपये 68 पैसे **उत्तर**

**प्रश्न 4. प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत गोरेला गाँव की 13 महिलाओं को सिलाई मशीन खरीदने हेतु कुल 35755 रुपये 20 पैसे की राशि प्राप्त हुई। बताओ प्रत्येक महिला को कितनी राशि प्राप्त होगी?**

**हल:**

```
      2750 रु. 40 पैसे
13 ) 35755 रु. 20 पैसे
    -26
     97
    -91
      65
     -65
       52
      -52
       00
```

अर्थात् प्रत्येक महिला को 2750 रु. 40 पैसे मिलेंगे। उत्तर

**प्रश्न 5. सुजल ने ५ किलो चावल ४५ रु. ५० पैसे प्रति किलोग्राम के भाव से तथा ३ किलोग्राम शक्कर २८ रु. ६० पैसे प्रति किलोग्राम के भाव से खरीदी। उसके पास अब २४५ रु. ६० पैसे बचे हों तो बताओ वह कितनी राशि लेकर बाजार गया था?**

**हल:**

१ किलो चावल की राशि = ४५ रु. ५० पैसे

∴ ५ किलो चावल की राशि = ४५ रु. ५० पैसे × ५

= २२७ रु. ५० पैसे

१ किलोग्राम शक्कर की राशि = २८ रु. ६० पैसे

∴ ३ किलोग्राम शक्कर की राशि

= २८ रु. ६० पैसे × ३

= ८५ रु. ८० पैसे

चावल की राशि = २२७ रु. ५० पैसे

शक्कर की राशि = ८५ रु. ८० पैसे

सुजल की शेष बची राशि = २४५ रु. ६० पैसे

सुजल की कुल राशि = ५५८ रु. ६० पैसे

अर्थात् सुजल ५५८ रु. ६० पैसे लेकर बाजार गया था। उत्तर

**प्रश्न 6. एक शर्ट का मूल्य ३२६ रु. ५० पैसा तथा एक पेंट का मूल्य ७८० रु. ६० पैसा है तो ३ शर्ट और ५ पेंट का कुल मूल्य ज्ञात करो।**

**हल:**

एक शर्ट का मूल्य = ३२६ रु. ५० पैसा

∴ ३ शर्ट का मूल्य = ३२६ रु. ५० पैसा × ३

= ६७६ रु. ५० पैसा

एक पेंट का मूल्य = ७८० रु. ६० पैसा

∴ ५ पेंट का मूल्य = ७८० रु. ६० पैसा × ५

= ३६०३ रु. ०० पैसा

३ शर्ट का मूल्य = ६७६ रु. ५० पैसा

५ पेंट का मूल्य = ३६०३ रु. ०० पैसा

कुल मूल्य = ४९८२ रु. ५० पैसा

अर्थात् ३ शर्ट व ५ पेंट का कुल मूल्य = ४८८२ रु. ५० पैसा उत्तर

**प्रश्न 7. एक फल विक्रेता 35916 रु. लेकर फल मंडी गया। उसने 12763 रु. 30 पैसे के सेब, 13243 रु. 30 पैसे के अंगूर तथा 947 रु. 25 पैसे के केले खरीदे। बताओ उसके पास अब कितनी राशि शेष बचेगी?**

**हल:**

| | रुपये | पैसे |
|---|---|---|
| | 000 | |
| सेब खरीदे = | 12763 | 30 |
| अंगूर खरीदे = | 13243 | 30 |
| केले खरीदे = | 947 | 25 |
| कुल फल खरीदे = | 26953 | 85 |
| फल विक्रेता के पास कुल राशि | 35916 | 00 |
| फल खरीदने में खर्च राशि = | -26953 | 85 |
| शेष बची राशि = | 8962 | 15 |

अर्थात् फल विक्रेता के पास 8962 रु. 15 पैसे शेष बचे उत्तर

**प्रश्न 8. मीरा के पास 20974 रु. 80 पैसे थे। उसने 10544 रु. 40 पैसे खर्च कर दिए। शेष रुपये अपने पत्र और पुत्री में आपस में बराबर-बराबर बाँट दिए। बताओ पुत्र और पुत्री को कितने-कितने रुपये मिले?**

**हल:**

मीरा के पास कुल धन = 20974.80 रु.
खर्च किया धन = -10544.40 रु.
शेष बचा धन = 10430.40 रु.

इस धन को पुत्र और पुत्री में बराबर-बराबर बाँटने का अर्थ है इस धन में 2 का भाग दिया जाये।

```
      5215.20
2 ) 10430.40
   − 10
      4
    − 4
      3
    − 2
      10
    − 10
       4
     − 4
       0
```

अर्थात् प्रत्येक पुत्र व पुत्री को 5215 रु. 20 पैसे मिलेंगे। उत्तर

**प्रश्न 9. एक साइकिल का मूल्य 1075 रु. 50 पैसे है तो वैसी ही 52 साइकिलों का मूल्य ज्ञात कीजिए।**

**हल:** 52 साइकिलों का मूल्य ज्ञात करने के लिए एक साइकिल के मूल्य में 52 का गुणा करना पड़ेगा।

```
  रु.      पैसे
  1075     50
  (1)     ×52
  2150    100
 5375×   250×
 55900   2600     2600 पैसा = 26 रु. 00 पैसा
    26 ←
 55926
```

अर्थात् 52 साइकिलों का कुल मूल्य 55926 रु. होगा उत्तर

**प्रश्न 10. 25081 रु. 75 पैसे, 70860 रु. 60 पैसे वे 9876 रु. 42 पैसे को जोड़ो।**

**हल:**

```
  रुपये     पैसे
 (1)(1)(2) (1)
  25081     75
  70860     60
 + 9876     42
 105818     77   उत्तर
```

## Exercise 10.2

**प्रश्न 1. वासुदेव दूध डेयरी, कोटा से हेमंत ने 8 लीटर दूध 40 रु. 25 पैसे प्रति लीटर की दर से, 3 किग्रा. दही 60 रु. प्रति किग्रा, की दर से, 2 किग्रा. घी 450 रु. प्रति किग्रा. की दर से एवं 5 लीटर छाछ 20 रु. 75 पैसे की दर से बिल नं. 428, दिनांक 29.10.2015 को खरीदा। उपर्युक्त सामग्री का बिल बनाइए।**

**हल:**

बिल/कैशमेमो

| बिल नं. 428<br>नाम : हेमंत | वासुदेव दूध डेयरी, कोटा | | | दिनांक : 29.10.15 |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
| 1. | दूध | 8 लीटर | ₹ 40.25 | ₹ 322.00 |
| 2. | दही | 3 किग्रा. | ₹ 60.00 | ₹ 180.00 |
| 3. | घी | 2 किग्रा. | ₹450.00 | ₹ 900.00 |
| 4. | छाछ | 5 लीटर | ₹ 20.75 | ₹ 103.75 |
| | अक्षरे एक हजार पाँच सौ पाँच रुपये पिचहत्तर पैसे मात्र | | योग ₹ | 1505.75 |
| | 1. भूल चूक लेनी देनी।<br>2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। | | | हस्ताक्षर |

**प्रश्न 2. बिल नं. 108 दिनांक 30.10.15 को उन्नत बीज भण्डार, कनवास से भीमराज ने 5 किग्रा, मक्का बीज 37 रु. 25 पैसे प्रति किग्रा. की दर से, 35 किग्रा. यूरिया 45 रु. प्रति किग्रा, की दर से एवं 1 लीटर कीटनाशक 235 रु. प्रति लीटर की दर से खरीदा। उपर्युक्त सामग्री का बिल बनाइए कि भीमराज ने कितने रुपये की सामग्री खरीदी?**

**हल:**

बिल/कैशमेमो

| बिल नं. 108<br>नाम : भीमराज | उन्नत बीज भण्डार, कनवास | | | दिनांक : 30.10.15 |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
| 1. | मक्का बीज | 5 किग्रा. | ₹ 37.50 | ₹ 187.50 |
| 2. | यूरिया | 35 किग्रा. | ₹ 45.00 | ₹1575.00 |
| 3. | कीटनाशक | 1 लीटर | ₹235.00 | ₹ 235.00 |
| | अक्षरे एक हजार नौ सौ सित्यानवें रुपये पचास पैसे मात्र | | योग | ₹1997.50 |
| 1. भूल चूक लेनी देनी।<br>2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। | | | | हस्ताक्षर |

**प्रश्न 3. मनु द्वारा ममता जनरल स्टोर, महावीर नगर, करौली से खरीदी गई सामग्री का बिल दिया गया है। बिल की जाँच कर संशोधित बिल बनाइए।**

बिल/कैशमेमो

बिल नं. 568 ममता जनरल स्टोर, महावीर नगर, करौली दिनांक : 25.10.15
नाम : मनु

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोमबत्ती | 3 पैकेट | 20 रु. 25 पैसे | 60 रु. 75 पैसे |
| 2. | साबुन | 5 पैकेट | 40 रु. 15 पैसे | 210 रु. 75 पैसे |
| 3. | चीनी | 4 किग्रा. | 33 रु. | 132 रु. |
| 4. | बेसन | 2 किग्रा. | 55 रु. 50 पैसे | 111 रु. |
| अक्षरे पाँच सौ चौदह रुपये पचास पैसे मात्र | | | योग | 514 रु. 50 पैसे |

1. भूल चूक लेनी देनी।
2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। हस्ताक्षर

**हल:** उपर्युक्त बिल को संशोधित बिल निम्नानुसार होगा –

बिल/कैशमेमो

बिल नं. 568 ममता जनरल स्टोर, महावीर नगर, करौली दिनांक : 25.10.15
नाम : मनु

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोमबत्ती | 3 पैकेट | ₹ 20.25 | ₹ 60.75 |
| 2. | साबुन | 5 पैकेट | ₹ 40.15 | ₹ 200.75 |
| 3. | चीनी | 4 किग्रा. | ₹ 33.00 | ₹ 132.00 |
| 4. | बेसन | 2 किग्रा. | ₹ 55.50 | ₹ 111.00 |
| अक्षरे पाँच सौ चार रुपये पचास पैसे मात्र | | | योग | ₹ 504.50 |

1. भूल चूक लेनी देनी।
2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। हस्ताक्षर

**प्रश्न 4. नीचे दिए गए बिल की जाँच कर संशोधित बिल बनाइए।**

बिल/कैशमेमो

बिल नं. 547 मनोज प्रोविजन स्टोर, कनवास दिनांक : 22.10.15
नाम व पता : श्रीमती मीरा

| क्र.सं. | नाम व पता | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वाशिंग पाउडर | 2 किग्रा. | 77 रु. 25 पैसे | 150 रु. 50 पैसे |
| 2. | नमकीन | 3 किग्रा. | 140 रु. | 140 रु. |
| 3. | नमक | 5 किग्रा. | 25 रु. 20 पैसे | 126 रु. |
| 4. | तेल | 2 लीटर | 75 रु. 40 पैसे | 140 रु. 80 पैसे |
| | | | योग | 557 रु. 60 पैसे |

1. भूल चूक लेनी देनी।
2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। हस्ताक्षर

**हल:** उपर्युक्त दिए गए बिल का संशोधित बिल निम्नानुसार होगा –

बिल/कैशमेमो

बिल नं. 547 मनोज प्रोविजन स्टोर, कनवास दिनांक : 22.10.15
नाम : श्रीमती मीरा

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वाशिंग पाउडर | 2 किग्रा. | ₹ 77.25 | ₹ 154.50 |
| 2. | नमकीन | 3 किग्रा. | ₹ 140.00 | ₹ 420.00 |
| 3. | नमक | 5 किग्रा. | ₹ 25.20 | ₹ 126.00 |
| 4. | तेल | 2 लीटर | ₹ 75.40 | ₹ 150.80 |
| अक्षरे आठ सौ इक्यावन रुपये तीस पैसे मात्र | | | योग | ₹ 851.30 |

1. भूल चूक लेनी देनी।
2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा।

हस्ताक्षर

## Additional Questions

### बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. यदि आलू के भाव 12 रुपए प्रति किग्रा. हैं तो 15 किग्रा. आलू का मूल्य होगा -**

(अ) 150 रुपए

(ब) 180 रुपए

(स) 170 रुपए

(द) 190 रुपए

**प्रश्न 2. यदि टमाटर का भाव 25 रुपए प्रति किग्रा. है तो 10 किग्रा. टमाटर खरीदने पर सब्जी व्यापारी को देने होंगे -**

(अ) 250 रुपए

(ब) 35 रुपए।

(स) 200 रुपए

(द) 300 रुपए।

**प्रश्न 3. एक सब्जी व्यापारी 28 रुपए प्रति किग्रा. के भाव से धनिया खरीदता है। उसे 5 किग्रा. धनिये का मूल्य देना होगा -**

(अ) 33 रुपए

(ब) 150 रुपए

(स) 160 रुपए

(द) 140 रुपए

**प्रश्न 4. एक व्यापारी ने 18 रुपए प्रति किग्रा. के भाव से 15 किग्रा. पत्तागोभी खरीदी। उस व्यापारी को कुल रुपए चुकाने पड़े -**

(अ) 250 रुपए

(ब) 260 रुपए।

(स) 270 रुपए

(द) 280 रुपए

**प्रश्न 5. 36 रुपए प्रति किग्रा. अरबी का भाव होने पर व्यापारी ने 7 किग्रा. अरबी खरीदने पर मूल्य चुकाया**

(अ) 240 रुपए

(ब) 252 रुपए

(स) 250 रुपए

(द) 260 रुपए

**प्रश्न 6. वस्तु का मूल्य निकालने के लिए मात्रा का दर से किया जाता है -**

(अ) जोड़

(ब) बाकी

(स) गुणा

(द) भाग

**प्रश्न 7. चावल का मूल्य 45 रुपए प्रति किग्रा. के भाव से 3 किग्रा आएगा -**

(अ) 135 रुपए

(ब) 50 रुपए।

(स) 15 रुपए।

(द) 1350 रुपए

**प्रश्न 8. बिल में अंकित विभिन्न सामग्री की कीमतों का कुल मूल्य निकाला जाता है -**

(अ) जोड़कर

(ब) घटाकर

(स) गुणा करके

(द) भाग करके

**प्रश्न 9. यदि तेल का भाव ७२ रु. ५० पैसे प्रति किग्रा. हो तो 6 किग्रा तेल का मूल्य होगा**

(अ) ७५२ रु. ५० पैसे

(ब) ६५२ रु. २५ पैसे

(स) ६५२ रु. ५० पैसे

(द) ८२५ रु. ५० पैसे

## उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (ब) | 2. (अ) | 3. (द) | 4. (स) | 5. (ब) |
| 6. (स) | 7. (अ) | 8. (अ) | 9. (स) | |

**निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. 100 पैसा = ............. रुपया।
2. अनेक सामग्री खरीदे जाने पर बिल में अंकित समस्त मूल्य का ............. किया जाता है।
3. २२५ रु. X ३ = ............. रु.
4. १०८ रु. : ६ = ............. रु.
5. ग्राहक द्वारा सामान खरीदने के बाद सामान की कीमत की गणना करके दुकानदार एक पर्ची देता है उसे ............. कहते हैं।

**उत्तर:**

1. 1
2. योग
3. ६७५ रु.
4. १२
5. बीजक या बिल।

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. यदि 1 किग्रा. घी का मूल्य 380 रु. तथा 1 किग्रा. तेल को मूल्य 95 रु. हो तो कितने किग्रा. तेल का मूल्य 1 किग्रा. घी के मूल्य के बराबर हो जाएगा?**

**हल:** भाव सूची के अनुसार 1 किग्रा. घी का मूल्य = 380 रु.

तथा तेल का 1 किग्रा. का मूल्य = 95 रु.

अत: 95) 380 (4 किग्रा.
380
————
×
————

अर्थात् 4 किग्रा. तेल का मूल्य 1 किग्रा. घी के मूल्य के बराबर हो जाएगा। उत्तर

**प्रश्न 2. दुकान की भाव की सूची में तुअर की 1 किग्रा. दाल का मूल्य 70 रु. हो तथा 1 किग्रा. घी का मूल्य 380 रु. हो तो बताओ 10 किग्रा. तुअर दाल या 2 किग्रा. घी खरीदने पर तुमको ज्यादा रुपये किसके चुकाने पड़ेंगे?**

**हल:** भाव सूची के अनुसार 10 किग्रा. तुअर दाल का मूल्य = 70 × 10 = 700 रुपये तथा 2 किग्रा. घी का मूल्य = 380 × 2 = 760 रुपये हम देख सकते हैं कि ज्यादा रुपये घी के चुकाने पड़ेंगे।

**प्रश्न 3. शीला हाट बाजार में दुपट्टे की दुकान लगाती है। इस बार वह अपने साथ 32 दुपट्टे ले गई थी। एक की कीमत 60 रुपये थी। उसके 8 दुपट्टे बिक गए। बताओ उसे कितने रुपये मिले?**

**हल:** 60 रुपए प्रति दुपट्टे के हिसाब से 8 दुपट्टों का मूल्य = 60 x 8 = 480 रुपए उत्तर

**प्रश्न 4. 9 रु. 50 पैसे और 12 रु. 75 पैसे को जोड़िए।**

**हल:**

| ₹ | पैसे | |
|---|---|---|
| 9 | 50 | |
| 12 | 75 | |
| 21 | 125 | 125 पैसे = 1 रु. 25 पैसे |
| + 1 ← | | |
| 22 | 25 ← | |

अत: 9 रु. 50 पैसे + 12 रु. 75 पैसे = 22 रु. 25 पैसे।

**उत्तर**

**प्रश्न 5. 12 रु. 40 पैसे में से 9 रु. 90 पैसे को घटाइए।**

**हल:**

| ₹ | पैसे | |
|---|---|---|
| 12 | 40 | 40 पैसे – 90 पैसे सम्भव नहीं है |
| – 9 | 90 | अत: 12 रु. – 1 रु., 11 रु. एवं |
| 2 | 50 | 1 रु. = 100 पैसे |
| | | 100 पैसे + 40 पैसे = 140 पैसे |
| | | 140 पैसे – 90 पैसे = 50 पैसे |
| | | अब 11 रु. – 9 रु. = 2 रु. |

अत: 11 रु. 140 पैसे – 9 रु. 90 पैसे = 2 रु. 50 पैसे।

अत: 12 रु. 40 पैसे – 9 रु. 90 पैसे = 2 रु. 50 पैसे।

**उत्तर**

**प्रश्न 6. 7 रु. 25 पैसे x 5 को हल कीजिए।**

**हल:**

| ₹ | पैसे | |
|---|---|---|
| 7 | 25 | |
| | × 5 | |
| 35 | 125 | 125 पैसे = 1 रु. 25 पैसे |
| + 1 ← | | |
| 36 | 25 ← | |

अत: 7 रु. 25 पैसे × 5 = 36 रु. 25 पैसे **उत्तर**

**प्रश्न 7. 47 रु. 32 पैसे : 7 को हल कीजिए।**

**हल:**

```
       6 रु. 76 पैसे
  7) 47 रु. 32 पैसे
    -42
     5 रु. = 500 पैसे
            + 32 पैसे
              532 पैसे
             -49
              042
             -042
               00
```

अतः 47 रु. 32 पैसे : 7 = 6 रु. 76 पैसे उत्तर

**प्रश्न 8. एक छात्र ने १३४ रु. ६० पैसे की किताब व २८० रु. ५० पैसे की कॉपियाँ खरीदीं तो उसने कुल कितनी राशि खर्च की?**

**हल:**

| | ₹ | पैसे | |
|---|---|---|---|
| किताबों पर खर्च = | १३४ | ६० | |
| कॉपियों पर खर्च = | २८० | ५० | |
| | ४१४ | ११० | ११० पैसे = १ रु. १० पैसे |
| | + १ | | |
| कुल खर्च = | ४१५ | १० पैसे | **उत्तर** |

## लघूत्तरात्मक एवं निबन्धात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राम ५३७ रु. ६० पैसे लेकर सब्जी खरीदने गया। उसने १५८ रु. ८० पैसे के आलू और २४६ रु. ६० पैसे के टमाटर खरीदे। उसके पास अब कितनी राशि बची?**

**हल:**

आलू = १५८ रु. ८० पैसे
टमाटर = २४६ रु. ६० पैसे
कुल खर्च = ४०५ रु. ७० पैसे

कुल राशि = ५३७ रु. ६० पैसे
कुल खर्च = (–) ४०५ रु. ७० पैसे
अतः शेष राशि = १३१ रु. ६० पैसे **उत्तर**

**प्रश्न 2. एक टेबल का मूल्य २६ रु. ४० पैसे तथा एक कुर्सी का मूल्य ५४५ रु. ७० पैसे है तो ५ टेबल और ६ कुर्सियों का मूल्य ज्ञात करो।**

**हल:**

एक टेबल का मूल्य = ८२६ रु. ४० पैसे
× ५

५ टेबल का मूल्य = ४१३२ रु. ०० पैसे

एक कुर्सी का मूल्य = ५४५ रु. ७० पैसे
× ६

६ कुर्सियों का मूल्य = ३२७४ रु. २० पैसे

(१)

अतः ५ टेबल का मूल्य = ४१३२ रु. ०० पैसे
६ कुर्सियों का मूल्य = ३२७४ रु. २० पैसे

कुल मूल्य = ७४०६ रु. २० पैसे **उत्तर**

**प्रश्न 3. १४ पैकेट पेन का मूल्य ६८३ रु. २२ पैसे है तो एक पैकेट पेन का मूल्य बताओ।**

**हल:**

७० रु. २३ पैसे
१४) ६८३ रु. २२ पैसे
−६८
००३ रु.
३०० पैसे + २२ पैसे
३२२ पैसे
−२८ पैसे
४२
−४२
×

७० रु. २३ पैसे **उत्तर**

**प्रश्न 4. राजस्थान स्टेशनर्स, कृष्णगंज, अजमेर से रूपचन्द निवासी पुष्कर ने निम्नलिखित सामग्री खरीदी -**

(1) 18 अभ्यास पुस्तिकाएँ 4 रु. 75 पैसे प्रति अभ्यास पुस्तिका की दर से

(2) 1 ज्यामिति बॉक्स 32 रु. की दर से

(3) 10 पेंसिल, 1 रु. 25 पैसे प्रति पेन्सिल की दर

(4) 5 पेन 18 रु. प्रति पेन की दर से

(5) 1 लीटर गोंद 90 रु. 25 पैसे की दर से

(6) 12 रजिस्टर 30 रु. प्रति रजिस्टर के हिसाब

(7) 5 डायरियाँ 60 रु. प्रति डायरी के हिसाब से उपर्युक्त सामग्री का बिल बनाइये।

**हल:** खरीदी गई उपर्युक्त सामग्री का बिल अग्रानुसार है -

बिल/कैश मेमो

| बिल नं. 124 | राजस्थान स्टेशनर्स, कृष्णगंज, अजमेर | | | दिनांक : 29.10.17 |
|---|---|---|---|---|
| नाम व पता : रूपचंद, पुष्कर | | | | |
| क्र.सं. | विवरण | मात्रा | दर | मूल्य |
| 1. | अभ्यास पुस्तिका | 18 | 4 रु. 75 पैसे | 85 रु. 50 पैसे |
| 2. | ज्योमिति बॉक्स | 01 | 32 रु. | 32 रु. |
| 3. | पेंसिल | 10 | 1 रु. 25 पैसे | 12 रु. 50 पैसे |
| 4. | पेन | 5 | 18 रु. | 90 रु. |
| 5. | गोंद | 1 लीटर | 90 रु. 25 पैसे | 90 रु. 25 पैसे |
| 6. | रजिस्टर | 12 | 30 रु. | 360 रु. |
| 7. | डायरी | 5 | 60 रु. | 300 रु. |
| अक्षरे नौ सौ सत्तर रुपये पच्चीस पैसे मात्र | | | योग | 970 रु. 25 पैसे |
| 1. भूल चूक लेनी देनी।<br>2. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। | | | | हस्ताक्षर |

**प्रश्न 5. श्रीमती कांता वैरागी, मोहल्ले के भारत जनरल स्टोर, डेलवास पर अपनी जरूरत के कुछ सामान लेने गई। वहाँ उसने ५ किग्रा. चावले ६५ रु./कि. की दर से, ४ लीटर तेल ९० रु./ली. की दर से, ५०० ग्राम चाय २४० रु./कि. की दर से, ६ किग्रा. शक्कर २८ रु./कि, की दर से तथा ५०० ग्राम हल्दी १४० रु./कि, की दर से खरीदे तो इस सामग्री का बिल दुकानदार ने कैसा बनाया होगा?**

**हल:** दुकानदार ने बिल नीचे दर्शाए अनुसार बनाया।

बिल/कैश मेमो

| बिल नं. ५६ | भारत जनरल स्टोर, डेलवास (चित्तौड़गढ़) | | | दिनांक : २५.१०.१७ |
|---|---|---|---|---|
| नाम व पता : श्रीमती चन्द्र कान्ता वैरागी, पटेल भवन, डेलवास | | | | |
| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
| १. | चावल | ५ किग्रा. | ६५ रु./कि. | ३२५ |
| २. | तेल | ४ लीटर | ८० रु./ली. | ३२० |
| ३. | चाय | ५०० ग्राम | २४० रु./कि. | १२० |
| ४. | शक्कर | ६ किग्रा. | २८ रु./कि. | १६८ |
| ५. | हल्दी | ५०० ग्राम | १४० रु./कि. | ७० |
| अक्षरे एक हजार तीन रुपये मात्र | | | योग | १००३ रु. |
| १. भूल चूक लेनी देनी।<br>२. बेचा हुआ माल वापस नहीं होगा। | | | | हस्ताक्षर |

श्रीमती कांता ने दुकानदार से पूछा कि बिल में ये कौनसे अंक लिखे हुए हैं तो उसने बताया कि ये हिन्दी के देवनागरी लिपि के अंक हैं।

**प्रश्न 6. गणेश ने स्वदेशी जनरल स्टोर, भरतपुर से निम्नलिखित सामग्री खरीदी -**

(1) चावल 3 किग्रा. 40 रुपये 25 पैसे की दर से

(2) तेल 2 लीटर 75 रुपये 60 पैसे की दर से

(3) शक्कर 4 किग्रा, 41 रुपये की दर से

खरीदी गई उपर्युक्त सामग्री का बिल नीचे दिये गये प्रारूप में बनाकर ज्ञात कीजिए कि गणेश ने कुल कितने रुपये खर्च किए।

**स्वदेशी जनरल स्टोर**

बिल नं. .................... दिनांक......................

नाम व पता : ...........................................................

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | कुल योग | |

**हल:**

**स्वदेशी जनरल स्टोर**

**बिल नं.** 126 **दिनांक** 18.8.17

**नाम व पता :** श्रीमान् गणेश, भरतपुर

| क्र.सं. | नाम सामग्री | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चावल | 3 किग्रा. | 40 रु. 25 पैसे | 120.75 |
| 2. | तेल | 2 लीटर | 75 रु. 60 पैसे | 151.20 |
| 3. | शक्कर | 4 किग्रा. | 41 रु. | 164.00 |
| | | | कुल योग | 435.95 |

**प्रश्न 7. मधु ने बुक स्टोर से निम्नलिखित सामग्री खरीदी -**

(1) 8 पेंसिलें 4 रु. प्रति पेंसिल की दर से,

(2) 5 अभ्यास पुस्तिकाएँ 15 रु. प्रति अभ्यास पुस्तिका की दर से,

(3) 4 पेन 10 रु. प्रति पेन की दर से,

(4) 2 कलर बॉक्स 9 रु. प्रति कलर बॉक्स की दर से।

खरीदी गई उपर्युक्त सामग्री का बिल नीचे दिये प्रारूप में बनाकर ज्ञात कीजिए कि मधु ने कुल कितने रुपये खर्च किये।

<table>
<tr><td colspan="5">बुक स्टोर<br>बिल नं.              दिनांक–<br>नाम व पता : ............................................................</td></tr>
<tr><td>क्र.सं.</td><td>वस्तुएँ</td><td>दर</td><td>मात्रा</td><td>मूल्य</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

**हल:**

<table>
<tr><td colspan="5">बुक स्टोर<br>बिल नं. 1              दिनांक–20/11/2016<br>नाम व पता : मधु, प्रताप नगर, जयपुर</td></tr>
<tr><td>क्र.सं.</td><td>वस्तुएँ</td><td>दर</td><td>मात्रा</td><td>मूल्य</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>पेन्सिलें</td><td>4 रु.</td><td>8</td><td>32 रु.</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>अभ्यास पुस्तिकाएँ</td><td>15 रु.</td><td>5</td><td>75 रु.</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>पेन</td><td>10 रु.</td><td>4</td><td>40 रु.</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>कलर बॉक्स</td><td>9 रु.</td><td>2</td><td>18 रु.</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>कुल</td><td>165 रु.</td></tr>
</table>